Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of Integrated manufacturing cluster in Garhwa district, Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1,180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDC) के तहत (Amritsar-Kolkata Industrial) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। उक्त संबंध में (NICDC) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, भारत सरकार, श्री अमृत लाल मीना ने झारखंड सरकार एवं उपायुक्त (Deputy Commissioner) गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। विदित है कि उपायुक्त (Deputy Commissioner) गढ़वा ने उक्त बिन्दुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) की स्थापना से झारखंड राज्य के बुनियादी ढांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा, जिससे गढ़वा जिला आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा एवं राज्य के अन्य विकसित जिलों में आ खड़ा होगा।   अतः महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि झारखंड सरकार से बातचीत कर उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) की स्थापना हेतु अग्रतर कार्रवाई कराने की कृपा की जाए।

… (व्यवधान)